>

Title : Need to augment railway services and facilities in Himachal Pradesh.

श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर, हि.प्र.): मैं माननीय रेलमंत्री महोदय का ध्यान हिमाचल प्रदेश में रेल सेवाओं के विस्तार, स्टेशनों में सुधार एवं रेल सुविधाएं उपलब्ध कराने की ओर दिलाते हुए उनसे अनुरोध करना चाहता हूं कि ऊना रेलवे स्टेशन पर आरक्षण सेवा डबल शिफ्ट में उपलब्ध कराई जाए, हिमाचल एक्सप्रेस रेल का ऊना स्टेशन पर ठहराव बढ़ाया जाए, हिमाचल एक्सप्रेस रेल में यात्रियों की बढ़ती संख्या के कारण एक स्लीपर कोच और बढ़ाया जाए, ऊना रेलवे स्टेशन पर कैंटीन की सेवा उपलब्ध कराई जाए, अम्ब में ट्रेनों की धुलाई के लिए वॉशिंग लाइन बनाई जाए, अम्ब तक विद्युतीकरण के कार्य को शीघ्र पूरा किया जाए, निर्माणाधीन रेल लाइन के तलवाड़ा तक के निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा किया जाए, अम्ब-अन्दौरा रेलवे स्टेशन की लम्बाई बढ़ाई जाए, अम्ब-अन्दौरा रेलवे स्टेशन पर वेटिंग रूम की व्यवस्था की जाए, बसाल में, ऊना व घंडावल रेलवे स्टेशनों के मध्य डेरा बाबा रूद्रानन्द के नाम से रेलवे स्टेशन की स्थापना की जाए, होशियारपुर (पंजाब) से अम्ब-अन्दौरा रेलवे स्टेशन तक वाया गगरेट लाइन को ब्रॉडगेज रेल लाइन में बदला जाए, राय मैहतपुर रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म की उचित व्यवस्था की जाए, बद्दी औद्योगिक क्षेत्र को कालका रेलवे नेटवर्क से जोड़ा जाए और नंगल से चलने वाली सभी ट्रेनों को ऊना रेलवे स्टेशन से प्रारम्भ किया जाए।